



हिन्दी दैनिक

# पथ प्रवाह

RNI No.: UTTHIN/2011/39282

निर्भीक, निष्पक्ष, सच का प्रवाह

वर्ष:5 अंक:164 पृष्ठ:08 मुल्य:1 रूपये | pathpravah.com | हरिद्वार, शनिवार, 20 जून 2026

# विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में युवा निभाएं अग्रणी भूमिका : मुख्यमंत्री धामी

**पथ प्रवाह, देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

मुख्य सेवक सदन, मुख्यमंत्री आवास देहरादून में आयोजित प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत प्रोत्साहन राशि वितरण कार्यक्रम में

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लाभार्थी नियोक्ताओं एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया और योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को प्रोत्साहन राशि वितरित की। प्रधानमंत्री द्वारा लगभग 2,400 करोड़ की राशि देशभर के 15 लाख से अधिक युवाओं एवं श्रमिकों को प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह अवसर राष्ट्र निर्माण के उस संकल्प का हिस्सा बनने का है जिसकी नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रखी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2025 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से देश के करोड़ों युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का शुभारंभ किया गया था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस महत्वाकांक्षी योजना की दूसरी किस्त जारी किए जाने का गौरवपूर्ण अवसर है। इसके अंतर्गत देशभर के 15 लाख से अधिक युवाओं और श्रमिक साथियों को 2400 करोड़ की राशि वितरित की जा रही है। उत्तराखंड में भी विभिन्न प्रतिष्ठानों से जुड़े लगभग 6 हजार कर्मचारियों और 900 से अधिक नियोक्ताओं को 24 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से केंद्र सरकार पहली बार रोजगार प्राप्त करने वाले युवाओं को 15 हजार तक की सहायता राशि उपलब्ध करा रही है। वहीं, युवाओं को रोजगार देने वाले संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए चार वर्षों तक प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी पर प्रतिमाह 3 हजार तक की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देवभूमि उत्तराखंड की जनता की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने के साथ-साथ औद्योगिक संस्थानों को भी प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी पूंजी है। युवाओं की प्रतिभा, परिश्रम और संकल्प के बल पर भारत को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाया जा सकता है। यदि युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा और अवसर मिले तो भारत पुनः विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवा शक्ति को राष्ट्र शक्ति मानते हुए विकसित भारत के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, फिट इंडिया और नई शिक्षा नीति जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं को उनकी क्षमता के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए नई स्टार्टअप नीति लागू की गई है। कौशल विकास को प्राथमिकता देते हुए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना और दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य विकास योजना के माध्यम से युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्योगों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने के लिए लाइसेंसिंग प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और सिंगल विंडो सिस्टम को मजबूत किया गया है। औद्योगिक नीति, लॉजिस्टिक नीति, स्टार्टअप नीति और स्व्स्थ्य नीति सहित 30 से अधिक नीतियां लागू कर राज्य में उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि काशीपुर में अरोमा पार्क, सितारगंज में प्लास्टिक पार्क, काशीपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर और पंतनगर में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क जैसी परियोजनाओं पर कार्य किया गया है। साथ ही रुद्रपुर, सेलाकुई और हरिद्वार में एमएसएमई उद्यमियों के लिए प्लग एंड प्ले मॉडल पर फ्लैटेड फैक्ट्रियां स्थापित की गई हैं।

उन्होंने कहा कि किच्छा फार्म में एक हजार एकड़ से अधिक भूमि पर स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप विकसित करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जनपद, दो उत्पाद योजना, हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड, स्टेट मिलेट मिशन, फार्म मशीनरी बैंक, एप्पल मिशन, नई पर्यटन नीति, नई फिल्म नीति, होम स्टे, वेड इन उत्तराखंड और सौर स्वरोजगार योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय संसाधनों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का परिणाम है कि राज्य की आर्थिकी में डेढ़ गुना से अधिक वृद्धि हुई है और पिछले एक वर्ष में राज्य की तस्ष्ठक्क में 7.23 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 41 प्रतिशत की वृद्धि हुई है तथा रिवर्स पलायन में भी सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखंड को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में राज्य को एचीवर्स और स्टार्टअप रैंकिंग में लीडर्स की श्रेणी प्राप्त हुई है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने युवाओं को रोजगार से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। पिछले साढ़े चार वर्षों में 33 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और अपनी प्रतिभा, कौशल एवं नवाचार की शक्ति को पहचानते हुए केवल अवसरों की प्रतीक्षा न करें, बल्कि स्वयं अवसरों का सृजन करने का संकल्प लें।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश के युवा अपने परिश्रम और समर्पण से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक उमेश शर्मा काउ, विधायक श्रीमती सविता कपूर, आयुक्त भविष्य निधि उत्तराखंड देहरादून सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 75 वर्षीय वकील का नाम मतदाता सूची से हटाने पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी, कहा–

## प्रथम दृष्टया वास्तविक नागरिक लगते हैं

नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान 75 वर्षीय एक वरिष्ठ वकील का नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता जताई है। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर संबंधित वकील प्रथम दृष्टया एक वास्तविक भारतीय नागरिक प्रतीत होते हैं और उनके मामले की उचित जांच की जानी चाहिए।

मामला उस समय सामने आया जब पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। याचिकाकर्ता शकील शेख की ओर से अदालत को बताया गया कि संबंधित वकील कई वर्षों से देश में रह रहे हैं, विधि व्यवसाय से जुड़े हैं और उनके पास नागरिकता से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी मौजूद हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। अदालत ने संकेत दिया कि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटाने से पहले पर्याप्त सत्यापन और उचित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए, ताकि वास्तविक नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर पहले से ही राजनीतिक और कानूनी बहस जारी है। विभिन्न पक्षों ने दावा किया है कि कई वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं, जबकि निर्वाचन आयोग का कहना है कि यह प्रक्रिया मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने के लिए की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी को उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिनके नाम मतदाता सूची से हटाए जाने को लेकर विवाद चल रहा है। मामले की आगे की सुनवाई में अदालत विस्तृत तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर निर्णय लेगी।



### अमित शाह और सर्जियो गोर की मुलाकात क्यों है खास?

## भारत–अमेरिका साझेदारी को मिल सकती है नई मजबूती

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर के बीच हुई हालिया मुलाकात को भारत-अमेरिका संबंधों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नई दिल्ली में हुई इस बैठक में दोनों नेताओं ने आतंकवाद-रोधी सहयोग, मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक और सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।



विशेषज्ञों का मानना है कि यह बैठक ऐसे समय हुई है जब भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक, रक्षा और सुरक्षा सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है। हाल के महीनों में दोनों देशों ने रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में साझेदारी को नई गति दी है। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर पहले भी कह चुके हैं कि रक्षा और सुरक्षा सहयोग भारत-अमेरिका संबंधों का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। बैठक का एक बड़ा संदेश यह भी है कि दोनों देश आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय अपराध से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहते हैं। खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दे भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के केंद्र में हैं। इसके अलावा, व्यापार और तकनीक के क्षेत्र में भी दोनों देशों के संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।





# कुंभ-2027: संत आश्रम परिषद ने मेलाधिकारी सोनिका को सौंपा ज्ञापन

पथ प्रवाह, हरिद्वार



अखिल भारतीय संत आश्रम परिषद ने कुंभ मेला-2027 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आश्रमों और संत समाज को विशेष सुविधाएं एवं रियायतें प्रदान किए जाने की मांग उठाई है। परिषद की ओर से कुंभ मेलाधिकारी सोनिका को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर आश्रमों को तीर्थयात्री सेवा केंद्र का दर्जा देने सहित विभिन्न मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा व्यक्त की गई।

ज्ञापन में कहा गया है कि हरिद्वार की पहचान मां गंगा के साथ-साथ यहां स्थित हजारों आश्रमों, मठों, अखाड़ों और संत परंपराओं से है। कुंभ मेले के दौरान देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, चिकित्सा, सत्संग और मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी आश्रम निभाते हैं। ऐसे में आश्रमों पर आर्थिक और संसाधनगत भार कई गुना बढ़ जाता है।

परिषद ने मांग की है कि कुंभ अवधि में आश्रमों पर लगने वाले सभी प्रकार के वाणिज्यिक कर एवं शुल्क समाप्त किए जाएं तथा हाउस टैक्स, सीवर टैक्स, जलकर और अन्य स्थानीय निकाय करों में पूर्ण छूट प्रदान की जाए। इसके अलावा आश्रमों के लिए विद्युत दरों को धार्मिक श्रेणी में रखते हुए बिजली बिलों में 70 प्रतिशत तक विशेष छूट देने की मांग भी की गई है।

ज्ञापन में आश्रमों के रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य कुंभ बजट से कराने, श्रद्धालुओं की सेवा के लिए राशन सामग्री उपलब्ध कराने, भवन मानचित्र स्वीकृति प्रक्रिया को सरल बनाने तथा अतिरिक्त जल कनेक्शन और स्वच्छ पेयजल की निःशुल्क व्यवस्था करने की मांग भी शामिल है।

संत आश्रम परिषद ने आश्रम क्षेत्रों में सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, सफाई व्यवस्था, पार्किंग, यातायात पास, स्वयंसेवकों एवं संतों के लिए पहचान पत्र, चिकित्सा शिविर, एम्बुलेंस, सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस सहायता केंद्र स्थापित करने की भी मांग की है। साथ ही भंडारों एवं धार्मिक आयोजनों की अनुमति के लिए सिंगल विंडो सिस्टम लागू करने तथा सभी आश्रमों की आधिकारिक जानकारी का डिजिटल प्रचार-प्रसार करने का सुझाव दिया गया है। परिषद ने कहा कि कुंभ केवल प्रशासनिक आयोजन नहीं बल्कि सनातन संस्कृति का विश्वव्यापी आध्यात्मिक महापर्व है। आश्रम और संत समाज इस महापर्व की आत्मा हैं, इसलिए उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना करोड़ों श्रद्धालुओं की सेवा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

ज्ञापन पर अखिल भारतीय संत आश्रम परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानन्द गिरी तथा राष्ट्रीय महामंत्री तीर्थाचार्य संत राम विशाल दास के हस्ताक्षर हैं। परिषद ने कुंभ मेला प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## एक नजर

### अवैध पशु कटान के मामले में एक गिरफ्तार, 60 किलो मांस बरामद



पथ प्रवाह, हरिद्वार। उत्तराखंड में पशु क्रूरता एवं अवैध पशु कटान के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गोवंश संरक्षण गढ़वाल परिक्षेत्र रोशनाबाद एवं बहादराबाद पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम मरगूबपुर क्षेत्र में छापेमारी के दौरान वसीम पुत्र नसीम उर्फ बहरा निवासी मरगूबपुर, थाना बहादराबाद को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 60 किलोग्राम भैंसवंशीय मांस, चार पशुखुर, पशु कटान में प्रयुक्त उपकरण तथा 13,850 रुपये नकद बरामद किए गए। बरामद सामग्री और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना बहादराबाद में धारा 271, 325 बीएनएस एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपित का नाम पता वसीम पुत्र नसीम उर्फ बहरा, निवासी ग्राम मरगूबपुर, थाना बहादराबाद, जनपद हरिद्वार बताया गया है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।

### नॉनवेज दुकानों को स्थानांतरित करने की मांग, हिंदू क्रांति दल ने दी आंदोलन की चेतावनी



पथ प्रवाह, हरिद्वार। हिंदू क्रांति दल ने नगर निगम के नगर आयुक्त नंदन कुमार को ज्ञापन सौंपकर ज्वालापुर क्षेत्र में संचालित नॉनवेज दुकानों को सराय रोड स्थित एक्कड़ क्षेत्र में बनी नई दुकानों में स्थानांतरित करने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं की गई तो नगर निगम कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर निगम बोर्ड की बैठक में पूर्व में ही नॉनवेज कारोबार को सराय रोड एक्कड़ क्षेत्र में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। इसके बावजूद लंबे समय से इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जबकि लगभग 60 दुकानें बनकर तैयार हैं। हिंदू क्रांति दल ने आरोप लगाया कि धर्मनगरी के ज्वालापुर क्षेत्र में बिना अनुमति के लगातार पशुओं का वध किया जा रहा है, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। संगठन ने मांग की कि सभी नॉनवेज दुकानों को निर्धारित स्थान पर शीघ्र स्थानांतरित किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश सचिव कैप्टन विपिन जोशी, जिला अध्यक्ष राजेश चौहान उर्फ बक्सी, युवा मोर्चा अध्यक्ष कमल उनियाल, जिला कोषाध्यक्ष विशाल चौहान, राजेंद्र सिंह और अजय थापा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# कांवड़ मेला-2026: एसपी निशा यादव ने किया हाईवे और एक्सप्रेसवे मार्गों का स्थलीय निरीक्षण

पथ प्रवाह, हरिद्वार।



आगामी कांवड़ मेला-2026 के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए हरिद्वार पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार नवनीत सिंह के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक यातायात निशा यादव ने राष्ट्रीय राजमार्ग-334, विभिन्न अंडरपास, फ्लाईओवरों तथा दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से हरिद्वार आने वाले मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीओ यातायात बिपेन्द्र सिंह एवं यातायात निरीक्षक हितेश कुमार भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और संबंधित निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक यातायात ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ मेले से पूर्व सभी आवश्यक निर्माण और सुधार कार्य समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

हरि लोक तिराहा स्थित निर्माणाधीन फ्लाईओवर की एप्रोच वॉल के समीप मिट्टी की लेवलिंग कर पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित और सुगम मार्ग तैयार करने के निर्देश दिए गए। वहीं मोहनपुरी वाला और बहादराबाद बाईपास स्थित निर्माणाधीन फ्लाईओवरों के दोनों ओर सर्विस रोड की चौड़ाई बढ़ाने को कहा गया, जिससे यातायात संचालन अधिक सुचारु हो सके।

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से हरिद्वार पहुंच मार्ग पर निर्माणाधीन फ्लाईओवरों और टोल प्लाजा क्षेत्र में चल रहे कार्यों को कांवड़ मेले से पूर्व आगामी एक माह के भीतर पूरा करने के निर्देश भी संबंधित एजेंसियों को दिए गए। इसके अतिरिक्त पतंजलि से बढ़ेड़ी राजपूताना तक निर्माणाधीन फ्लाईओवरों के दोनों ओर सर्विस रोड को गड्ढामुक्त करने और उनकी चौड़ाई बढ़ाने का कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा गया। बढ़ेड़ी राजपूताना से सालियर जंक्शन तक नव-निर्मित हाईवे पर शेष कार्यों को भी मेले से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए। कांवड़ मेले के दौरान संभावित यातायात दबाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यातायात ने नव-निर्मित हाईवे को हल्के वाहनों के लिए वैकल्पिक एवं आपातकालीन मार्ग के रूप में उपयोग करने की संभावनाओं पर भी विचार करने के निर्देश दिए। इससे आवश्यकता पड़ने पर मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव कम किया जा सकेगा।

पुलिस अधीक्षक यातायात निशा यादव ने संबंधित सभी विभागों और निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि निर्धारित कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए आगामी 15 दिनों के भीतर पूरे मार्ग का पुनः निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का मूल्यांकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

पुलिस और संबंधित विभाग कांवड़ मेला-2026 के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य मेले के दौरान यातायात संचालन को प्रभावी बनाते हुए श्रद्धालुओं की यात्रा को सुविधाजनक और सुरक्षित बनाना है।

# अंतरराष्ट्रीय योग शिक्षक पैनल में गुरुकुल के डॉ.मनोज कुमार का चयन



पथ प्रवाह, हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार का चयन भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के भारतीय संस्कृति शिक्षक (योग) के अंतरराष्ट्रीय पैनल में हुआ है। यह चयन विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आयोजित साक्षात्कार एवं योग प्रदर्शन में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया।

आईसीसीआर द्वारा जारी पत्र के अनुसार, पैनल में शामिल होने के बाद डॉ. मनोज कुमार को आवश्यकता एवं रिक्तियों के अनुसार विभिन्न देशों में स्थित भारतीय सांस्कृतिक केंद्रों, भारतीय दूतावासों तथा मिशनों में योग शिक्षक के रूप में सेवाएं देने का अवसर मिलेगा।

डॉ. मनोज कुमार वर्तमान में गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग में कार्यरत हैं और भारतीय योग परंपरा, निदान तथा यौगिक चिकित्सा पद्धतियों के विशेषज्ञ माने जाते हैं।

समविश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा मेहता लूथरा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह चयन गुरुकुल की समृद्ध योग परंपरा और भारतीय ज्ञान प्रणाली को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. मनोज कुमार विदेशों में भारतीय योग और संस्कृति के प्रभावी प्रतिनिधि साबित होंगे।

कुलसचिव प्रो. सत्यदेव निगमालंकार ने भी उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है और इससे संस्थान की योग शिक्षा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई प्रतिष्ठा प्राप्त होगी।

## एक नजर

### 20 रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया पीआरडी जवान, विजिलेंस जांच में जुटी

पथ प्रवाह, हरिद्वार। रुड़की तहसील परिसर में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब एक पीआरडी जवान को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया गया। जानकारी के अनुसार तहसील में तैनात पीआरडी जवान संदीप को विजिलेंस टीम ने कार्रवाई के दौरान हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी कर्मचारी को किसी व्यक्ति से मात्र 20 रुपये लेते हुए ट्रैप किया गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक यह रकम कथित तौर पर चाय पानी के नाम पर ली गई थी। कार्रवाई के बाद आरोपी को पूछताछ के लिए तहसीलदार के समक्ष पेश किया गया। घटना की सूचना फैलते ही तहसील परिसर में चर्चा का माहौल बन गया। विजिलेंस टीम पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि रिश्वत लेने की परिस्थितियां क्या थीं तथा शिकायत किस आधार पर की गई थी। फिलहाल मामले में आधिकारिक बयान का इंतजार है। जांच पूरी होने के बाद ही आगे की कार्रवाई और तथ्य स्पष्ट हो सकेंगे।

### योगस्थली के स्विमिंग पूल में तैराकी का प्रशिक्षण ले सकेंगे खिलाड़ी

पथ प्रवाह, हरिद्वार। खेल प्रतिभाओं को नई उड़ान देने की दिशा में हरिद्वार को बड़ी सौगात मिली है। रोशनाबाद स्थित योगस्थली खेल परिसर में करीब 6.6 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक सरकारी स्विमिंग पूल का संचालन शुरू हो गया है। जिले का यह पहला और फिलहाल एकमात्र सरकारी स्विमिंग पूल है, जहां खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैराकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्विमिंग पूल शुरू होने के महज एक महीने के भीतर ही लगभग 40 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। प्रशिक्षित महिला कोच की निगरानी में बच्चे और युवा तैराकी की तकनीकी बारीकियां सीख रहे हैं। खेल विभाग को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में यहां से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के तैराक तैयार होंगे। रोशनाबाद स्थित अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के समीप बनाए गए इस पूल की लंबाई 25 मीटर है और इसे राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है। पूल में आधुनिक सुविधाओं के साथ वाटर ट्रीटमेंट सिस्टम भी स्थापित किया गया है, जिससे खिलाड़ियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण वातावरण मिल सके। तैराकी का प्रशिक्षण ले रही खिलाड़ी काव्या और विरोनिका ने बताया कि पहले बेहतर सुविधाओं और कोचिंग के लिए उन्हें दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब हरिद्वार में ही उच्च स्तरीय प्रशिक्षण उपलब्ध होने से उनकी तैयारी आसान हो गई है। काव्या चार बार राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा ले चुकी हैं और अब नए पूल में नियमित अभ्यास कर रही हैं। जिला खेल अधिकारी शबाली गुरुंग ने कहा कि हरिद्वार में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल और वॉलीबॉल के बाद अब तैराकी के क्षेत्र में भी खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल रही हैं। इससे जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस स्विमिंग पूल में विभिन्न आयु वर्ग की तैराकी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय खेल 2025 के दौरान रोशनाबाद स्थित योगस्थली खेल परिसर खेल गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा था। यहां पहले से अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, टेनिस कोर्ट और कुश्ती की सुविधाएं उपलब्ध हैं। अब आधुनिक स्विमिंग पूल जुड़ने से यह परिसर बहुआयामी खेल केंद्र के रूप में और मजबूत हो गया है। स्विमिंग पूल के रखरखाव और संचालन के लिए खिलाड़ियों से 1050 रुपये सदस्यता शुल्क निर्धारित किया गया है। खेल विभाग का मानना है कि यह सुविधा हरिद्वार के युवाओं को तैराकी में करियर बनाने और प्रदेश का नाम रोशन करने का बेहतर अवसर प्रदान करेगी।

### चोरी की साइकिल समेत चोर गिरफ्तार



पथ प्रवाह, हरिद्वार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत रानीपुर पुलिस ने एक शातिर चोर को चोरी की गई साइकिल सहित गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ पहले से चोरी और गैंगस्टर एक्ट के कई मुकदमे दर्ज हैं। कोतवाली रानीपुर में 17 जून को सेक्टर-4 बीएचईएल रानीपुर निवासी श्याम कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 4 जून को अज्ञात चोर उनके घर के भीतर से साइकिल चोरी कर ले गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। प्रभारी निरीक्षक रानीपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटना की सुरागरसी करते हुए विभिन्न सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन अध्ययन किया। चेकिंग अभियान के दौरान नहर पटरी जमालपुर क्षेत्र से एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। पूछताछ और तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की गई साइकिल बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनोज सिंह (52 वर्ष) पुत्र रामसागर सिंह निवासी ग्राम लोहटा, पोस्ट गोपालपुर, थाना रसड़ा, जनपद बलिया (उत्तर प्रदेश) हाल निवासी ग्राम भोगपुर, थाना लक्सर, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगालने पर पता चला कि उसके खिलाफ वर्ष 2019 से थाना रानीपुर में नकबजनी और चोरी के कई मुकदमे दर्ज हैं। इसके अलावा आरोपी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई हो चुकी है। पुलिस के अनुसार मनोज सिंह चोरी की घटनाओं को अंजाम देने का अभ्यस्त अपराधी है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# विधायक आदेश चौहान की पहल पर 4.71 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

पथ प्रवाह, हरिद्वार। रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए राज्य योजना के अंतर्गत लगभग 4.71 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान के प्रस्ताव पर सरकार द्वारा इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन कार्यों के तहत शिवालिकनगर नगरपालिका, नगर निगम हरिद्वार तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण, डामरीकरण, इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाली निर्माण के कार्य कराए जाएंगे।



स्वीकृत परियोजनाओं में नगरपालिका शिवालिकनगर की टिहरी विस्थापित कॉलोनी सेक्टर-3 में लगभग 98 लाख की लागत से करीब तीन किलोमीटर आंतरिक गलियों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। वहीं एस क्लस्टर शिवालिकनगर में लगभग 85 लाख की लागत से चार किलोमीटर आंतरिक सड़कों का हॉटमिक्स डामरीकरण कराया जाएगा।

नगर निगम हरिद्वार के सीतापुर क्षेत्र में लगभग 95 लाख की लागत से एक किलोमीटर लंबी नाली और इंटरलॉकिंग टाइल्स युक्त आंतरिक सड़कों का निर्माण होगा। इसके अलावा सलेमपुर क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में लगभग 93 लाख की लागत से नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य किया जाएगा। कृष्णा विहार कॉलोनी (डैन्सो चौक) में भी लगभग 98 लाख की लागत से आंतरिक सड़कों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। विधायक आदेश चौहान ने विकास कार्यों की स्वीकृति पर केंद्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क, जल निकासी और स्वच्छ वातावरण जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इन परियोजनाओं से हजारों परिवारों को लाभ मिलेगा और रानीपुर विधानसभा के विकास को नई गति मिलेगी।

नगरपालिका शिवालिकनगर के सांसद प्रतिनिधि अतुल वशिष्ठ ने भी विकास कार्यों की स्वीकृति पर विधायक का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पिछले 14 वर्षों में रानीपुर विधानसभा में हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्य हुए हैं और नई परियोजनाएं क्षेत्र को आदर्श नगर के रूप में विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

विकास कार्यों की मंजूरी पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने भी विधायक आदेश चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एनडीपीएस मामले में फरार 'रावण' चढ़ा पुलिस के हत्थे

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत नशा तस्करों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली रानीपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी सचिन उर्फ रावण को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह के निर्देश पर आपराधिक गतिविधियों और मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान रानीपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में वांछित चल रहे आरोपित को कृपाल आश्रम स्थित ग्राउंड से गिरफ्तार किया।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपितसचिन उर्फ रावण (31 वर्ष) पुत्र महिपाल, निवासी पंचायतदत्त, रावली महदूद, थाना सिडकुल, हरिद्वार है। आरोपी के खिलाफ रानीपुर और सिडकुल थाना क्षेत्रों में मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। जानकारी के अनुसार सचिन उर्फ रावण को पूर्व में भी अवैध स्मैक तस्करी के मामलों में रानीपुर और सिडकुल पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस का कहना है कि आरोपित अपने साथियों के माध्यम से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क से जुड़ा रहा है।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर उसका चालान कर दिया है।

## विदेशी हिंदू श्रद्धालुओं का 47 सदस्यीय दल चारधाम यात्रा पर रवाना



पथ प्रवाह, हरिद्वार। उत्तराखंड की पवित्र चारधाम यात्रा में देश-विदेश से श्रद्धालुओं का आगमन लगातार जारी है। इसी क्रम में ब्रिटेन, फ्रांस और मॉरीशस से आए 47 हिंदू तीर्थयात्रियों का दल हरिद्वार से चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुआ। भूपतवाला स्थित जैन मंदिर के निकट आयोजित कार्यक्रम में ललित पंत ने विधिवत पूजन एवं मंत्रोच्चार के बीच यात्री दल को रवाना किया। इस अवसर पर जगदीश लाल पाहवा, दिवाकर गुप्ता तथा स्वामिनी वेद आत्मानंद सरस्वती भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ललित पंत ने कहा कि विदेशों में बसे सनातन धर्मावलंबियों को भारत की आध्यात्मिक विरासत और चारधाम यात्रा से जोड़ने का कार्य सराहनीय है। उन्होंने ओवरसीज हॉलीडे टूर्स इंडिया और इसके संचालक शंकर जोशी की पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार हो रहा है। स्वामिनी वेद आत्मानंद सरस्वती ने कहा कि मॉरीशस, श्रीलंका, कंबोडिया और थाईलैंड जैसे देशों में रहने वाले सनातन धर्मावलंबी सदियों से भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को जीवित रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा उनके लिए केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का अवसर भी है। यात्री दल में बच्चे, युवा और बुजुर्ग श्रद्धालु शामिल हैं। रिया सुभाष सहित कई विदेशी श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा को लेकर उत्साह व्यक्त किया। रवाना होने से पहले सभी श्रद्धालुओं का स्थानीय लोगों और होटल स्टाफ द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कमल पंत, संजय वर्मा, दिवाकर गुप्ता, कमल जोशी, हर्षित जोशी, गौरव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। विदेशी श्रद्धालुओं के दल के चारधाम यात्रा पर रवाना होने से हरिद्वार की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उजागर हुई।

# संपादकीय

## अमेरिका-ईरान युद्धः 7500 मौत, 162 लाख करोड़ का नुकसान फिर शांति विराम

मान्यता है इतिहास से सबक लिया जाता है। जो इतिहास से सबक लेते हैं, वे भविष्य में वह गलतियां नहीं करते हैं जो उनके पूर्वज कर चुके होते हैं। पर इतिहास से कोई सबक सीखता नहीं है, सभी को लगता है कि उनके पूर्वजों ने जो गलती की थी वह उनसे नहीं होगी। वह उनसे ज्यादा ताकतवर और समझदार हैं। इसलिए वह इतिहास की उन्हीं गलतियों को दोहराता है और एक बार फिर विनाश की ओर आगे बढ़ता है। विनाश के बाद विकास होने की गतिशीलता ही जन्म, मृत्यु और ब्रह्मांड को हमेशा क्रियाशील रखती है। यही कहा जा सकता है। हाल ही में अमेरिका और इजराइल ने मिलकर ईरान के ऊपर हमला किया। अमेरिका और इजराइल यह मानकर चल रहे थे कि एक सप्ताह के अंदर इजराइल की सत्ता को पलट देंगे। वहां पर उनकी मर्जी से नया राज कायम हो जाएगा। ईरान, अमेरिका और इजराइल की मनमर्जी से चलेगा। उन्होंने ईरान के सुप्रीमो आयतुल्लाह खामेनेई और उनके बड़े-बड़े नेताओं की हमले में हत्या कर दी। एक स्कूल में हमला कर 165 से ज्यादा मासूम बच्चियों की हत्या कर दी। इसके कारण जो ईरान आंतरिक असंतोष झेल रहा था, सुप्रीमो खामेनेई और बच्चियों की हत्या के बाद ईरान एकजुट हो गया और उसने अमेरिका और इजराइल से पिछले 47 वर्षों में उसके साथ जो अत्याचार हुए थे इसका बदला लेने के लिए डू एंड डाई की स्थिति में आ गए।

अमेरिका और इजराइल की दादागिरी को उन्होंने अपनी इच्छाशक्ति और अपने जीवन को बचाने के लिए जिस तरह की लड़ाई लड़ी है उससे सारी दुनिया हैरान है। अमेरिका, ईरान युद्ध में अभी तक 7500 से ज्यादा मोतें हो चुकी हैं। 110 दिन चले इस युद्ध में जमीन पर फौज ने लड़ाई नहीं लड़ी है। सारी लड़ाई ड्रोन और मिसाइल के माध्यम से लड़ी गई। इसमें लगभग 162 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। पिछले कई दशकों में जो विकास हुआ था वह सब विनाश में तब्दील हो गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो अपने आपको सुपर हीरो मानकर चल रहे थे इस 110 दिन की लड़ाई में उनके हाथ कुछ नहीं लगा। इससे जो उनकी अजेय होने साख बनी हुई थी वह समाप्त हो गई। इजराइल को जो नुकसान हुआ है, उसकी कल्पना कभी उसने नहीं की थी। गाजा में जिस तरह से महिलाओं और बच्चों को बुरी तरह से मारा गया था, ऐसा नरसंहार दुनिया के लोगों ने पहले कभी नहीं देखा था। लगता है ईश्वर ने उनके अहंकार और स्वयं को ईश्वर मानने की जो गलती की थी उसका दंड दिया है।

इस युद्ध में वैसे तो भारत का कोई लेना-देना नहीं था लेकिन जिस तरह से भारत ने अमेरिका और इजराइल का समर्थन किया है। गाजा के मामले में चुप्पी साधे रखी। इजराइल को भारत के प्रधानमंत्री ने अपना फादर लैंड बता दिया। इसकी कीमत भारत को भी चुकानी पड़ रही है। भारत ने जहां ईरान जैसे पड़ोसी देश जो हर सुख-दुख में भारत के साथ होता था उसको खो दिया है। भारत की जनता को भी इस युद्ध का नुकसान उठाना पड़ रहा है। युद्ध कोई भी हो यह सिवाय विनाश के कुछ नहीं देता है। भारत में भी महाभारत युद्ध का एक इतिहास है। भगवान कृष्ण के होते हुए वह कौरवों से पांडवों को पांच गांव नहीं दिला पाए थे। युद्ध हुआ ना कौरव के हाथ कुछ लगा ना पांडवों के हाथ कुछ लगा। विनाश इतना बड़ा हुआ जिसका उल्लेख धर्म शास्त्रों में होने के बाद भी भारत पहली बार इस युद्ध में अमेरिका और इजराइल के साथ खड़ा रहकर एक तरह से पाप का भागी बन गया है। इसकी कीमत भारत की जनता को भी चुकानी पड़ रही है। बहरहाल जो भी घटनाएं होती हैं, उनसे सबक लिया जा सकता है। अभी भी यूक्रेन और रूस के बीच में रोजाना हमले हो रहे हैं।

## विस्थापन का दर्द और मानवता की परीक्षा

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

विश्व शरणार्थी दिवस केवल एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अंतःकरण को झकझोरने वाला अवसर है। यह दिवस उन करोड़ों लोगों के दर्द, संघर्ष और टूटे हुए सपनों की याद दिलाता है, जिन्हें युद्ध, हिंसा, आतंकवाद, धार्मिक कट्टरता, राजनीतिक अस्थिरता, जलवायु संकट और भूख ने अपने ही घरों से बेघर कर दिया। शरणार्थी केवल सीमाएँ पार करने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह अपने पीछे एक पूरा संसार छोड़कर चलने को विवश इंसान होता है।

जब कोई व्यक्ति अपना घर छोड़ता है, तो वह केवल मिट्टी नहीं छोड़ता; वह अपनी स्मृतियाँ, रिश्ते, बचपन, संस्कृति और पहचान भी पीछे छोड़ देता है। शरणार्थी बनने का दर्द केवल भूख या बेघर होने का दर्द नहीं, बल्कि अपनी जड़ों से कट जाने की असहनीय पीड़ा भी है। दुनिया के अनेक देशों में आज भी लाखों बच्चे ऐसे हैं जिन्होंने कभी सुरक्षित बचपन नहीं देखा, जिनकी आँखों में खिलौनों की जगह बारूद और भय के दृश्य बस गए हैं।

आज विश्व के कई हिस्से युद्ध और संघर्ष की आग में जल रहे हैं। कहीं बमबारी से शहर खंडहर बन रहे हैं, कहीं जातीय हिंसा इंसानियत को शर्मसार कर रही है, तो कहीं जलवायु परिवर्तन लोगों को अपने गांवों और खेतों से पलायन के लिए मजबूर कर रहा है। यह स्थिति बताती है कि आधुनिक विकास और तकनीकी प्रगति के बावजूद मानवता अभी भी शांति और संवेदना की सबसे बड़ी परीक्षा में असफल होती दिखाई दे रही है।

शरणार्थियों की सबसे बड़ी त्रासदी यह होती है कि वे कहीं भी पूरी तरह अपने नहीं रह जाते। अपना देश उन्हें खो देता है और नया देश उन्हें संदेह की दृष्टि से देखता है। अस्थायी शिविरों में जीवन बिताते हुए वे भोजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करते हैं। अनेक महिलाएँ और बच्चे शोषण, तस्करी और हिंसा का शिकार बनते हैं। यह केवल राजनीतिक संकट नहीं, बल्कि मानवाधिकारों का भी गंभीर प्रश्न है।

विश्व शरणार्थी दिवस हमें यह सोचने के लिए विवश करता है कि आखिर ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न क्यों होती हैं जहाँ इंसान को अपनी जन्मभूमि छोड़ने पर मजबूर होना पड़ता है। युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़े जाते; वे मनुष्यता के भीतर भी गहरे घाव छोड़ जाते हैं। सत्ता और स्वार्थ की लड़ाइयों का सबसे बड़ा मूल्य हमेशा आम नागरिक चुकाते हैं। जिन बच्चों ने कभी राजनीति नहीं समझी, उन्हें भी विस्थापन और भय की सजा मिलती है।

आज जलवायु परिवर्तन भी शरणार्थियों की संख्या बढ़ाने वाला बड़ा कारण बनता जा रहा है। सूखा, बाढ़, समुद्री जलस्तर में वृद्धि और प्राकृतिक आपदाएँ लाखों लोगों को अपने घरों से बेदखल कर रही हैं। आने वाले वर्षों में 'जलवायु शरणार्थी' विश्व के सामने सबसे बड़ी मानवीय चुनौती बन सकते हैं। यह चेतावनी है कि यदि प्रकृति का संतुलन नहीं बचाया गया, तो विस्थापन केवल युद्ध क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा। भारत की संस्कृति सदैव 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की रही है। हमारे देश ने विभिन्न समयों में अनेक शरणार्थियों को आश्रय देकर मानवता का परिचय दिया है। किंतु केवल सहानुभूति पर्याप्त नहीं है; वैश्विक स्तर पर स्थायी शांति, न्यायपूर्ण नीतियाँ और मानवीय दृष्टिकोण विकसित करना भी आवश्यक है।

# निर्णय लेने में ज्यादातर फिसड्डी क्यो रहती है कांग्रेस !

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

उत्तराखंड कांग्रेस में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर कार्यकर्ताओं का इंतजार लगातार बढ़ता जा रहा है। कई बार जल्द घोषणा के संकेत मिलने के बावजूद अब तक हाईकमान की अंतिम मंजूरी नहीं मिल सकी है। वर्तमान में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल पुरानी टीम के साथ संगठन का काम चला कर रहे हैं।

प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने देहरादून पहुंचने पर स्पष्ट किया था कि राहुल गांधी के उत्तराखंड दौरे के बाद नई पीसीसी कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।लेकिन राहुल गांधी का उत्तराखंड दौरा खराब मौसम के चलते रद्द हो गया ,हालांकि उन्होंने वर्चुअल सम्बोधन कर कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ाने की कोशिश की।प्रदेश प्रभारी शैलजा ने कहा कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पूरी तरह जुटी हुई है और संगठन को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

कांग्रेस हाईकमान प्रदेश संगठन की छोटी और प्रभावी टीम बनाकर नेताओं की जिम्मेदारियां तय करना चाहता है। हालांकि, वरिष्ठ नेताओं द्वारा अपने समर्थकों के नामों की लंबी सूची भेजे जाने के कारण कार्यकारिणी के गठन पर अंतिम फैसला अभी तक नहीं हो पाया है।कुमारी सैलजा ने कहा कि राहुल गांधी का वर्चुअल भाषण कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार कर गया है। विधानसभा और लोकसभा चुनावों में लगातार हार के बाद कांग्रेस को उम्मीद है कि राष्ट्रीय नेतृत्व की सक्रियता से संगठन को मजबूती मिलेगी।प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को आमंत्रित तो किया जा रहा है, लेकिन व्यवस्थाओं के मामले में सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने दावा किया कि जनता इस बार सरकार को जवाब देगी।

प्रदेश नेतृत्व का मानना है कि राहुल के उदबोधन से संगठन को नई दिशा मिली है और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी को मजबूती प्राप्त हुई।लेकिन सवाल यह उठता है कि कांग्रेस समय से क्यो नही अपने निर्णय ले पाती।चाहे चुनाव में टिकट देने का मामला हो या फिर कार्यकारिणी गठन का मुद्दा कांग्रेस निर्णय लेने में ज्यादातर देरी ही करती है।साथ ही जमीन से जुड़े निष्ठावान कार्यकर्ताओ के बजाए अवसरवादी आगे आकर कांग्रेस के चुनाव परिणामों को गुड़ गोबर कर देते है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के सामने कांग्रेस की मौजूद चुनोतियाँ साफ दिखती है, गुटों में बंटी कांग्रेस इकाई का नेतृत्व करना, वह भी 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले बेहद कठिन कहा जा सकता है।वह भी तब जब कांग्रेस पार्टी सन 2017 और सन 2022 के दो विधानसभा चुनाव हार चुकी हो, साथ ही राज्य की लगातार तीन लोकसभा चुनावों में भी एक भी सीट कांग्रेस नहीं जीत पाई है,जो पार्टी की कमजोर हालत को प्रमाणित करता है।दो बार के विधायक गणेश गोदियाल, जिन्हें कभी हरीश रावत का करीबी माना जाता था,का पुनः पदारूढ़ होने से उम्मीद है कि वे हरीश रावत को अपने से भी आगे करके चलेंगे। 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले वह राज्य में कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके है, लेकिन उनके चुनाव हारने के बाद उनकी जगह करन माहरा को दे दी गई,परन्तु कांग्रेस कोई चमत्कार नही कर पाई।

हरीश रावत ने स्वयं को पीछे करते हुए सार्वजनिक रूप से सुझाव दिया था कि अगला विधानसभा चुनाव कांग्रेस को प्रीतम सिंह (जो पांच बार के विधायक हैं) के नेतृत्व में लड़ना चाहिए। उनका यह बयान पार्टी में एकता का पहला कदम कहा जा सकता है।जब कांग्रेस उत्तराखंड में सत्ता में थी, तब भी हरीश रावत लगातार संघर्षों में फंसे रहे, पहले एन.डी. तिवारी को उनका हक दे दिया गया,जिससे टकराव की स्तिथि बनी रही और बाद में मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा को बनाकर फिर से हरीश रावत को किनारे करने की कोशिश की गई।लेकिन प्राकृतिक आपदा में विजय बहुगुणा के फेल हो जाने के कारण उनकी जगह सन 2014 में हरीश रावत को मुख्यमंत्री पद पर रिप्लेस किया गया।यह बदलाव उस समय आया जब विजय बहुगुणा पर जून 2013 की केदारनाथ आपदा से निपटने को लेकर भारी आलोचना हो रही थी क्योंकि आपदा के समय विजय उत्तराखंड के बजाए दिल्ली में डेरा डाले हुए थे।

पिछले दिनों करन माहरा को सीडब्ल्यूसी और प्रीतम सिंह को सीईसी में शामिल किया जाना, कांग्रेस हाईकमान द्वारा राज्य में प्रतिस्पर्धी गुटों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है, इसे हरीश रावत को उनकी नाखुशी के बावजूद केंद्रीय नेतृत्व से जोड़कर रखने की रणनीति भी माना जा रहा है।अपनी बढ़ती उम्र में भी बेहद सक्रिय कांग्रेस के शीर्ष नेता हरीश रावत के पास वर्तमान में कोई ठोस दायित्व नही है,फिर भी वे राज्य के सर्वाधिक सक्रिय नेता कहे जा सकते है।ऐसे में उनकी अनदेखी करके कांग्रेस कोई भी चुनाव फिलहाल नही लड़ सकती और यदि ऐसा हुआ तो फिर से कांग्रेस की लुटिया डूबने में देर नही लगेगी।पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा भी है कि वे पार्टी के लिए बूथ अध्यक्ष तक बनने को तैयार है। कांग्रेस ही नही अन्य राजनीतिक दलों को भी उत्तराखंड के इस सर्वमान्य नेता का सम्मान करना चाहिए।

# 12 साल बेमिसाल बदलाव की वास्तविक तस्वीर

**कुमार कृष्णन**

केंद्र सरकार के सुशासन और जनकल्याण के बारह वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा देश भर में विकसित भारत संकल्प सम्मेलनआयोजित किए जा रहे हैं। इन सम्मेलनों का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाना है। इसी के तहत मुंगेर के स्थानीय पोलो मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का मकसद पिछले 12 वर्षों (2014-2026) की सफलताओं, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत-2047 के विज़न को आम जनता तक पहुँचाना है। इस दौरान बिहार के पटना, सहरसा, मुंगेर के साथ -साथ उत्तर प्रदेश, हरियाणा और अन्य राज्यों में भव्य सम्मेलनों और प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है। मुंगेर के सम्मेलन केंद्रीय मंत्री व मुंगेर के सांसद राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि 12 साल बेमिसाल महज एक चुनावी नारा नहीं है, बल्कि यह धरातल पर दिख रही वह हकीकत है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दृढ़ संकल्प से सच साबित करके दिखाया है। इससे पूर्व मंच पर उपस्थित विधायक तथा अन्य एनडीए नेता ने संसद को सॉल भेंट कर तथा बुके देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन के जदयू जिलाध्यक्ष सौरभ निधि तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार पोद्दार कर रहे थे। इस दौरान सांसद ने पूर्व मैदान में पौधारोपण पर ग्रीन मुंगेर का संदेश दिया।

सांसद ललन सिंह ने अपने संबोधन में एक बड़ा ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद से अब तक कोई भी प्रधानमंत्री लगातार 12 वर्षों का कार्यकाल पूरा नहीं कर सका था। पंडित जवाहरलाल नेहरू के सबसे लंबे कार्यकाल के इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता के अटूट आशीर्वाद और विश्वास के बल पर पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का एकमात्र लक्ष्य साल 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है।

अतीत की सरकारों की नाकामियों पर प्रहार करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले देश भ्रष्टाचार और घोटालों के दलदल में फंसा हुआ था, जिससे दुनिया भर में भारत की छवि खराब हो रही थी। उन्होंने कांग्रेस के एक पूर्व प्रधानमंत्री के उस चर्चित बयान की याद दिलाई, जिसमें कहा गया था कि दिल्ली से भेजे गए 1 रुपये में से सिर्फ 40 पैसे ही जनता तक पहुंचते हैं।ललन सिंह ने जोर देकर कहा कि आज मोदी सरकार में बिचौलिया तंत्र को पूरी तरह से उखाड़ फेंका गया है। अब डीबीटी के माध्यम से दिल्ली से एक बटन दबाते ही शत-प्रतिशत राशि सीधे गरीब और जरूरतमंद लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर हो जाती है।

मुंगेर में हुए विकास कार्यों को उन्होंने आधारभूत ढांचे में आए क्रांतिकारी सुधार को मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि पहले जहां पटना से मुंगेर का सफर तय करने में लोगों के पसीने छूट जाते थे और कई घंटे बर्बाद होते थे, वहीं आज बेहतरीन फोरलेन सड़कों की बदौलत यह दूरी मात्र ढाई घंटे में सिमट गई है। इसके साथ ही उन्होंने जमालपुर से कोलकाता के लिए शुरू हुई वंदे भारत एक्सप्रेस और मुंगेर में नए एयरपोर्ट के निर्माण को इस क्षेत्र के बदलते विजन का बड़ा उदाहरण बताया।

ललन सिंह ने मुंगेर के व्यापारियों और आम नागरिकों से मेक इन इंडिया अभियान को मजबूत करने की भावुक अपील की। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हमें विदेशी सामानों के मोह को छोड़कर अपने देश और स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्तुओं का उपयोग बढ़ाना होगा।उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना और किसान सम्मान निधि जैसी फ्लैगशिप योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने देश में राजनीति की पारंपरिक परिभाषा को बदलकर उसे सीधे जनसेवा और गरीब कल्याण से जोड़ दिया है।

विकसित भारत संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल ने केंद्र सरकार और स्थानीय सांसद के विकास कार्यों की जमकर सराहना की। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश के हर नागरिक, गरीब, शोषित और वंचित वर्ग को सम्मान और अधिकार मिला है।

उन्होंने मुंगेर के सांसद व केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि कभी विकास से दूर रहने वाला मुंगेर आज उत्तर और दक्षिण बिहार का प्रमुख जंक्शन बन चुका है। विधायक ने जनता से अपील की कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के पीएम मोदी के विजन को पूरा करने में अपनी पूरी शक्ति के साथ सहयोग दें। इस मौके पर

विधान परिषद सदस्य लालमोहन गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और बिहार का चौमुखी विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्षों का कार्यकाल जनता, गरीबों और वंचितों के कल्याण को समर्पित रहा है। सरकार ने समय से पहले 18 हजार गांवों में बिजली पहुंचाने का संकल्प पूरा किया है। बिहार में एनडीए सरकार के प्रयासों से मुंगेर से मिर्जापुर तक पुल निर्माण और मरीन ड्राइव जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम चल रहा है, जो विकास की नई इबारत लिख रहे हैं।

एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर आयोजित संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मुंगेर विधायक कुमार प्रणय ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह का अभिनंदन किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। केंद्र सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत 81 करोड़ शौचालयों का निर्माण और उज्ज्वला योजना से माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई है। उन्होंने कहा कि आज संसद से लेकर पंचायत तक हमारी मातृशक्ति पूरी तरह सशक्त होकर देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य व भाजपा नेता अजफर शमशी ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में जो सुशासन और विकास स्थापित हुआ है, उसे अब सम्राट चौधरी मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो काम कांग्रेस 50 सालों में नहीं कर पाई, उसे एनडीए सरकार ने कर दिखाया है।

# रुद्रप्रयाग के रतूड़ा में बनेगा आधुनिक राज्य अतिथि गृह, सचिव राज्य संपत्ति ने दिए निर्माण के निर्देश

पथ प्रवाह, देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चारधाम यात्रा मार्ग पर बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जनपद रुद्रप्रयाग के रतूड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित राज्य अतिथि गृह के निर्माण को लेकर शुक्रवार को राज्य सचिवालय में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। सचिव राज्य संपत्ति विभाग डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में अतिथि गृह की कार्ययोजना, डिजाइन और निर्माण संबंधी विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

चारधाम यात्रा के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण माने जा रहे इस राज्य अतिथि गृह के निर्माण के लिए रतूड़ा में 0.375 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गई है। यह परियोजना मुख्यमंत्री की घोषणाओं में शामिल है, जिसके चलते इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूरा करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि परियोजना की विस्तृत



कार्ययोजना (डीपीआर) शीघ्र तैयार कर शासन को उपलब्ध कराई जाए, ताकि निर्माण कार्य समयबद्ध ढंग से शुरू किया जा सके।

### आधुनिक पहाड़ी वास्तुकला का होगा समावेश

बैठक के दौरान सचिव राज्य संपत्ति डॉ. आर. राजेश कुमार ने कार्यदायी संस्था प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग, रुद्रप्रयाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रस्तावित भवन को आधुनिक पहाड़ी शैली में विकसित किया जाए। भवन के निर्माण में स्थानीय वास्तुकला, प्राकृतिक परिवेश और पर्वतीय क्षेत्रों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाए, जिससे यह संरचना उत्तराखंड की सांस्कृतिक पहचान को भी प्रतिबिंबित कर सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान आवश्यकताओं के साथ-साथ भविष्य में बढ़ने वाले उपयोग को देखते हुए पर्याप्त संख्या में कक्ष, बैठक कक्ष, वीआईपी सुविधाएं, पार्किंग, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का समुचित प्रावधान किया जाए। इससे राज्य अतिथि गृह केवल सरकारी उपयोग तक सीमित न रहकर राज्य की प्रतिष्ठित आवासीय परिसंपत्तियों में शामिल हो सकेगा।

### एनजीटी और पर्वतीय मानकों का रखा जाएगा ध्यान

बैठक में पर्यावरणीय और तकनीकी मानकों के अनुपालन पर भी विशेष जोर दिया गया। सचिव राज्य संपत्ति ने निर्देश दिए कि भवन की नदी से दूरी राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के मानकों के अनुरूप निर्धारित की जाए। इसके अलावा भवन की ऊंचाई तथा निर्माण संबंधी सभी मानदंड पर्वतीय क्षेत्रों के निर्धारित नियमों के अनुसार सुनिश्चित किए जाएं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्माण की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा परियोजना को आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाया जाए। शासन स्तर पर इसकी नियमित निगरानी भी की जाएगी।

### चारधाम यात्रा और प्रशासनिक गतिविधियों को मिलेगा लाभ

विशेषज्ञों के अनुसार रुद्रप्रयाग जनपद चारधाम यात्रा का प्रमुख केंद्र है। केदारनाथ धाम जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं, वीआईपी आगंतुकों तथा विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों की आवाजाही को देखते हुए राज्य अतिथि गृह का निर्माण अत्यंत उपयोगी साबित होगा। इससे आपदा प्रबंधन, प्रशासनिक बैठकों तथा राज्य अतिथियों के ठहरने की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। बैठक में शासन स्तर से अपर सचिव एवं राज्य संपत्ति अधिकारी लक्ष्मण सिंह, उप सचिव हनुमान प्रसाद तिवारी तथा कार्यदायी संस्था की ओर से अधिशासी अभियंता इन्द्रजीत बोस और सहायक अभियंता ओमप्रकाश चन्द्र उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### हरिद्वार भूमि खरीद प्रकरण में बड़ा एक्शन, 10 लोगों पर दर्ज होगा मुकदमा

पथ प्रवाह, देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस के संकल्प के तहत हरिद्वार नगर निगम भूमि खरीद प्रकरण में बड़ी कार्रवाई की गई है। विजिलेंस की विस्तृत जांच में आपराधिक षड्यंत्र एवं धोखाधड़ी के माध्यम से भूमि क्रय-विक्रय कर नगर निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाने के आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाए गए हैं।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य सतर्कता समिति की संस्तुति पर मामले में संलिप्त अधिकारियों, कर्मचारियों तथा भूमि विक्रेताओं के विरुद्ध अभियोग दर्ज किए जाने का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अनुमोदन किया गया है। जांच में दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

अभियोग दर्ज किए जाने वाले व्यक्तियों में तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी, तत्कालीन सहायक नगर आयुक्त रविन्द्र कुमार दयाल, तत्कालीन कर अधीक्षक लक्ष्मीकान्त भट्ट, तत्कालीन सहायक अभियन्ता एवं प्रभारी अधिशासी अभियन्ता आनन्द सिंह मिश्रा, तत्कालीन सम्पत्ति लिपिक वेदपाल तथा तत्कालीन मानचित्रकार दिनेश काण्डपाल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त भूमि विक्रेता एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों में श्रीमती सुमन देवी, जितेन्द्र कुमार, अभिषेक यादव तथा सुजीत कुमार सिंह के विरुद्ध भी अभियोग दर्ज किया जाएगा।

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार और अनियमितताओं में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। शासन की प्राथमिकता पारदर्शी, जवाबदेह और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन सुनिश्चित करना है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई जारी रहेगी।

### राज्यपाल ने डीएम अंशुल सिंह और एसएसपी को किया सम्मानित

पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने अपने अल्मोड़ा प्रवास के दौरान जिलाधिकारी अंशुल सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर. घोड़के को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। राज्यपाल ने कहा कि जिलाधिकारी अंशुल सिंह के नेतृत्व में जनपद में विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन की कार्यशैली, जनहितकारी पहलों तथा विकास कार्यों की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू किया जा रहा है। राज्यपाल ने नशा मुक्ति केंद्र के संचालन की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज को नशे की प्रवृत्ति से मुक्त करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर उन्होंने लोक भवन की ओर से नशा मुक्ति केंद्र के लिए दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर. घोड़के के नेतृत्व में जनपद में संचालित जनहितकारी पुलिसिंग और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के प्रयासों की भी राज्यपाल ने प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी कार्य कर रहा है। इस अवसर पर राज्यपाल ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।



# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रन फॉर योगा कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

पथ प्रवाह, देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को पुलिस लाइन, देहरादून में 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रन फॉर योगा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन, सकारात्मक सोच और योग को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त अभियान है। यह कार्यक्रम योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सदियों से योग, आध्यात्मिक साधना और ऋषि-मुनियों की तपस्थली रही है। यहां की समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा और प्राकृतिक वातावरण मानवता को स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मक जीवन का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के मध्य सामंजस्य स्थापित करने वाली वैज्ञानिक एवं जीवनोपयोगी पद्धति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र



मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके प्रस्ताव के उपरांत 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्राप्त हुई और आज विश्व के 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग का अभ्यास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, अवसाद और विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों के बीच योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने युवाओं से नियमित योग एवं व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ, ऊर्जावान और अनुशासित युवा ही राज्य एवं देश के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को योग, आयुर्वेद, वेलनेस और प्राकृतिक चिकित्सा के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नई योग नीति के माध्यम से योग एवं ध्यान केंद्रों को प्रोत्साहन, योग प्रशिक्षकों को सहयोग तथा योग एवं वेलनेस आधारित रोजगार के नए अवसर विकसित किए जा रहे हैं।

## श्रीनगर में अंडरग्राउंड होगी सभी विद्युत लाइनें: डॉ. धन सिंह रावत

पथ प्रवाह, देहरादून

श्रीनगर में शीघ्र ही विद्युत तारों को अंडरग्राउंड किया जायेगा, इसके लिये ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दे दिये गये है। इसके अलावा शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में भी तेजी से काम किया जा रहा है। साथ ही श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के उफरैंखाल में विद्युत सब स्टेशन स्थापित किया जायेगा, जिससे क्षेत्र के एक बड़े हिस्से में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी।

सूबे के कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर में विद्युत समस्याओं के निराकरण को लेकर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने श्रीनगर शहर में सभी विद्युत लाइनों को भूमिगत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। इसके लिये उन्होंने विभागीय अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि श्रीनगर में विद्युत लाइनों को भूमिगत होने से शहर का सौंदर्यीकरण बढ़ जाएगा और लोगों को बिजली के खम्भों पर झूलते तारों से मुक्ति मिल जायेगी। डॉ. रावत ने श्रीनगर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि प्रथम चरण में शहर के अंतर्गत सभी सरकारी भवनों, विद्यालयों एवं अस्पतालों के भवनों को सोलर पैनल से आच्छादित किया जायेगा, जिससे बिजली की बचत होगी और कार्बन



उत्सर्जन में भी कमी आयेगी। डॉ. रावत ने कहा कि श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के उफरैंखाल में विद्युत सब स्टेशन स्थापित किया जायेगा, जिससे क्षेत्र के एक बड़े हिस्से में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जा सकेगी। बैठक में डॉ. रावत ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जर्जर व सड़े-गड़े विद्युत पोलों को बदलने, आवश्यकता के अनुरूप पोलों की शिफ्टिंग करने, पुराने व अनुपयोगी ट्रांसफार्मरों की जगह नये ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने तथा विद्युत आपूर्ति को निर्बाध व सुचारू बनाने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने उपभोक्ताओं को प्रत्येक दो माह में बिजली बिल उपलब्ध कराने तथा आम लोगों को विद्युत दरों की जानकारी के लिये व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये।





# कैंची धाम में राज्यपाल ने की पूजा-अर्चना, प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की

**पथ प्रवाह, अल्मोड़ा**





राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने जनपद अल्मोड़ा के काकड़ीघाट स्थित ऐतिहासिक ज्ञानवृक्ष (पीपल) पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत उन्होंने कर्कटेश्वर मंदिर में दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि काकड़ीघाट अद्भुत ऊर्जा, शांति एवं आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण स्थान है। यहां आकर आत्मिक शांति का अनुभव होता है तथा स्वामी विवेकानन्द के विचारों को आत्मसात करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्थान की अपनी विशिष्ट पहचान और सांस्कृतिक महत्ता होती है तथा काकड़ीघाट का महत्व स्वामी विवेकानन्द की ऐतिहासिक साधना स्थली होने के कारण और भी बढ़ जाता है।

राज्यपाल ने कहा कि उन्हें उस पावन स्थल को देखने और अनुभव करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जहां स्वामी विवेकानन्द ने ध्यान साधना की थी। उन्होंने ज्ञानवृक्ष के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह गर्व का विषय है कि जिस वृक्ष के नीचे स्वामी विवेकानन्द ने ध्यान लगाया था, उसे वैज्ञानिक विधियों के माध्यम से पुनर्जीवित किया गया है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

इसके उपरांत राज्यपाल ने नैनीताल जनपद स्थित विश्वप्रसिद्ध कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीब करौरी महाराज के पावन आश्रम में दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा नीब करौरी महाराज को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए प्रदेश, देश तथा समस्त मानवता के सुख, शांति एवं कल्याण की कामना की। राज्यपाल ने कहा कि बाबा नीब करौरी महाराज का जीवन सेवा, करुणा, भक्ति और मानव कल्याण के आदर्शों से परिपूर्ण रहा है। उनके संदेश आज भी समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैंची धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा, सेवा और लोकमंगल का जीवंत केन्द्र है, जहां देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु आस्था एवं आत्मिक शांति का अनुभव करते हैं।

राज्यपाल ने आश्रम परिसर का अवलोकन कर वहां की आध्यात्मिक एवं सेवा गतिविधियों की सराहना की तथा आश्रम प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सेवा हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

## एक नजर

### उत्तराखंड में तीसरी बार भाजपा की बनेगी सरकारः डॉ कल्पना सैनी

**हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में कोर कमेटी, शक्ति केंद्रों, टिफिन सहभोज के हुए कार्यक्रम**




पथ प्रवाह, हरिद्वार। हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में कोर कमेटी, शक्ति केंद्रों की बैठक में राज्यसभा सांसद डॉ कल्पना सैनी ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिलता रहे और मूलभूत सुविधाओं के लिए चल रहे कार्य सुचारू रहें, इसके लिए प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकारी जरूरी है। उन्होंने मिशन–2027 को फतह करने के लिए टिप्स दिए।शुक्रवार को हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा में विभिन्न कार्यक्रम हुए। जिनमें लालढांग क्षेत्र में ग्राम डालूपुरी, पीली पडाव में कोर कमेटी और शक्ति केंद्र की बैठक में सभी कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन सहभोज किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ कल्पना सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विषय परिस्थितियों में आमजन के लिए मूलभूत सुविधाओं में कोई कमी नहीं होने दी। विश्व में आज भारत देश का डंका बज रहा है।

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि आज देश के साथ प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हर किसी वर्ग को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है। वे युवाओं के लिए रोजगार के नए–नए आयामों के साथ स्वरोजगार के लिए प्रेरित कर रहे हैं। प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त कर नकल विरोधी कानून लाकर सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता लाकर मेधावियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए गन्ना मूल्य हो या फसल उगाने के लिए जरूरत के सामानों पर सब्सिडी देकर मजबूत कर रहे हैं। उन्होंने मिशन–2027 में फिर से धामी सरकार को दोहराने का संकल्प कराया। कार्यक्रमों का संचालन करते हुए विधानसभा समन्वयक लव शर्मा ने प्रदेश में योजनाओं को बारे में बताया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख आशा नेगी, एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री संजीव कुमार, मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान, विवेक चौहान, राकेश सैनी, सुशील पंवार, कोषाध्यक्ष अरविंद कुशवाह, ग्राम प्रधान सुनील पाल, प्रधान यशपाल सिंह, शक्ति केंद्रों के पालकों के साथ अन्य मोर्चा के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री के साथ अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बुग्गावाला में पुलिस-बदमाश मुठभेड़, एक आरोपी के पैर में गोली लगी, दूसरा फरार

पथ प्रवाह, हरिद्वार। जनपद के बुग्गावाला थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस के अनुसार जोनल चेकिंग के दौरान यूपी बॉर्डर से बंजारावाला की ओर गश्त कर रही टीम को दो संदिग्ध बाइक सवार दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किए जाने पर दोनों आरोपियों ने कथित रूप से पुलिस टीम पर तमंचे से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान लुकमान पुत्र गुफरान निवासी ग्राम गोकुलवाला, थाना बुग्गावाला, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक 315 बोर तमंचा, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस तथा 9 जून 2026 को अमानतगढ़ फैक्ट्री में हुई फायरिंग की घटना से संबंधित पीड़ित का मोबाइल फोन बरामद करने का दावा किया है।



फरार आरोपी की पहचान गुलजार निवासी खेड़ी शिकोहपुर, थाना भगवानपुर के रूप में बताई गई है। घायल आरोपी को उपचार के लिए सिविल अस्पताल रुड़की भेजा गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

# सीएम पुष्कर सिंह धामी से रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने की मुलाकात

**पथ प्रवाह, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। इस अवसर पर राज्य में रेलवे अवसंरचना के विस्तार, गतिमान रेल परियोजनाओं तथा भविष्य की रेलवे आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में रेलवे कनेक्टिविटी का सुदृढ़ीकरण राज्य के समग्र विकास, पर्यटन, तीर्थाटन, निवेश और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना को राज्य की महत्वाकांक्षी एवं सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना बताते हुए इसके कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना चारधाम यात्रा विशेषकर श्री बदरीनाथ एवं श्री केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आवागमन को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आधुनिक बनाएगी। बैठक में टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना को आगे बढ़ाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने अवगत कराया कि परियोजना का सर्वेक्षण तथा डीपीआर तैयार किया जा चुका है। मुख्यमंत्री



ने अपेक्षा व्यक्त की कि नवंबर 2026 तक परियोजना पर ठोस प्रगति दिखाई दे। उन्होंने कर्णप्रयाग-बागेश्वर रेल लाइन तथा किच्छा-खटीमा रेल लाइन परियोजनाओं को भी भविष्य की आवश्यकताओं एवं क्षेत्रीय संतुलित विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए इन पर कार्यवाही आगे बढ़ाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में तीर्थाटन एवं पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गढ़वाल मंडल में देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश एवं रुड़की तथा कुमाऊँ मंडल में हल्द्वानी, काठगोदाम, रामनगर एवं टनकपुर रेलवे स्टेशन प्रदेश के प्रमुख प्रवेश द्वार हैं। इन स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और आधुनिक व्यवस्थाओं का विस्तार पर उन्होंने बल दिया।

मुख्यमंत्री ने आगामी कुंभ एवं कांवड़ मेले के दृष्टिगत हरिद्वार, ऋषिकेश एवं रुड़की रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए विशेष सुविधाएं विकसित करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि रेलवे और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव उपलब्ध कराया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार-देहरादून रेल लाइन के डबल लाइन की दिशा में भी प्रभावी कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि रेलवे नेटवर्क के विस्तार और आधुनिकीकरण से राज्य में निवेश, व्यापार, पर्यटन एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा उत्तराखंड की आर्थिकी को दीर्घकालिक मजबूती मिलेगी। रेलवे बोर्ड के चैयरमैन सतीश कुमार कुमार ने कहा कि बैठक में जिन बिंदुओं पर चर्चा हुई है, उन पर पूरी गंभीरता से कार्य किये जाएंगे। इस अवसर पर सचिव बृजेश कुमार संत और अपर सचिव श्रीमती रीना जोशी भी उपस्थित थे।

# ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाईन परियोजना परियोजना दिसम्बर, 2028 तक पूर्ण

**पथ प्रवाह, देहरादून**

मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन एवं अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, भारत सरकार के मध्य शुक्रवार को ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाईन परियोजना सहित विभिन्न रेलवे प्रोजेक्ट्स के संबंध बैठक हुई। बैठक के दौरान बताया गया कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाईन परियोजना परियोजना दिसम्बर, 2028 तक पूर्ण की जानी प्रस्तावित है।

मुख्य सचिव ने अध्यक्ष रेलवे बोर्ड से ऋषिकेश-उत्तरकाशी रेल लाईन परियोजना के संबंध में अंतिम सर्वे कर रेलवे बोर्ड को प्रेषित डी0पी0आर स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना के अन्तर्गत सम्मिलित करते हुए शत-प्रतिशत लागत भारत सरकार द्वारा वहन किये जाने के कम में यथाशीघ्र कार्यवाही किये जाने का भी अनुरोध किया गया है।

हरिद्वार-देहरादून दोहरीकरण परियोजना के संबंध में अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, भारत सरकार द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में हरिद्वार मोतीचूर-रायवाला दोहरीकरण को स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त परियोजना दो चरणों में की जानी प्रस्तावित है। प्रथम चरण में हरिद्वार-मोतीचूर तक रेल लाईन दोहरीकरण का कार्य किया जायेगा। हरिद्वार-मोतीचूर रेल लाईन दोहरीकरण किये जाने में अतिक्रमण एक गम्भीर समस्या है। मुख्य सचिव ने राज्य सरकार द्वारा उक्त अतिक्रमण हटाये जाने में पूर्ण सहयोग किये जाने हेतु आश्वासित किया



गया। उत्तराखण्ड राज्य द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, भारत सरकार द्वारा उक्त दोहरीकरण का कार्य देहरादून तक किये जाने हेतु रायवाला से देहरादून तक सर्वे किये जाने के क्रम में डी0आर0एम0, उत्तर रेलवे को निर्देशित किया गया है।

मुख्य सचिव द्वारा रायवाला से देहरादून तक रेल लाईन दोहरीकरण किये जाने का सर्वेक्षण कार्य राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कुम्भ मेला 2033 से पूर्व किये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त के साथ ही रायवाला में रेल लाईन Viaduct बनाये जाने हेतु संबंधित डी0आर0एम0 को निर्देशित किये जाने का अनुरोध किया गया जिससे कुम्भ मेला में होने वाली भीड़ को निर्बाध रूप से संचरित किया जा सके।

मुख्य सचिव ने राज्य में निर्माणाधीन समस्त रेल लाईन परियोजनाओं में निर्मित किये जाने वाले सभी Escape Tunnels को Motorable बनाये जाने का अनुरोध भी किया। साथ ही, टनकपुर-बागेश्वर रेल लाईन परियोजना के संबंध में रेलवे बोर्ड को प्रेषित डी0पी0आर स्वीकृत किये जाने हेतु यथाशीघ्र कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया।

बैठक के दौरान आरआरटीएस कॉरिडोर मेरठ - ऋषिकेश परियोजना में ऋषिकेश में लक्ष्मण झूला के पास अंतिम बिन्दु वाया हर की पैड़ी, हरिद्वार हेतु 78 किमी0 की लंबाई के सरेखण, जिसकी डी0पी0आर0 तैयार की जानी है, की सैद्धान्तिक सहमति के साथ उत्तराखण्ड सरकार की ओर से समन्वय हेतु श्रीमती रीना जोशी, अपर सचिव, उत्तराखण्ड शासन को नोडल अधिकारी नामित किया गया।



## एक नजर

### 36 घंटे में चोरी का खुलासा, किशोर संरक्षण में

पथ प्रवाह, हरिद्वार। पुलिस के ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत थाना कलियर पुलिस ने महज 36 घंटे के भीतर चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक विधि-विवादित किशोर को संरक्षण में लिया है। किशोर के कब्जे से चोरी किए गए चांदी के सिक्के, आभूषण, नगदी तथा वारदात में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेहवड़कला, कलियर निवासी धमेन्द्र शर्मा ने थाना कलियर में शिकायत दर्ज कराई थी कि 17 जून को दिन के समय परिवार के सदस्य घर से बाहर गए हुए थे। वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा है और घर में रखे चांदी के सिक्के, आभूषण तथा नगदी गायब हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम ने डिजिटल और मैनुअल पुलिसिंग का सहारा लेते हुए सघन जांच की। जांच के दौरान धनौरी चौकी क्षेत्र में एक विधि-विवादित किशोर को बाल अधिकारी की उपस्थिति में संरक्षण में लिया गया। पूछताछ के दौरान किशोर की निशानदेही पर चोरी किया गया सामान और वारदात में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद कर ली गई। पुलिस ने मामले में धारा 331(3) और 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी करते हुए कानूनी कार्रवाई कर उसका चालान कर दिया है। किशोर के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। बरामद माल के साथ किशोर को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया।

### सरेआम हुड़दंग मचाने वाले युवक को पुलिस ने लिया हिरासत में

पथ प्रवाह, हरिद्वार। थाना सिडकुल क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग कर लोगों की परेशानी का कारण बने एक युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति सड़क पर जोर-जोर से हो-हल्ला और हुड़दंग कर रहा था, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। मौके पर मौजूद लोगों ने युवक का विरोध भी किया, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना। शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने उसे धारा 170 बीएनएसएस के तहत हिरासत में ले लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आवश्यक नाम पता अंकित पुत्र महेंद्र, निवासी, ग्राम बूंदकी, थाना कोतवाली शहर, जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश), वर्तमान पता खालसा कॉलोनी, रोशनाबाद, थाना सिडकुल, जनपद हरिद्वार उम्र 28 वर्ष बताया गया है। विधिक कार्यवाही करने के बाद पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

### एसएसपी नवनीत सिंह ने जवानों संग लगाई दौड़, दिया फिटनेस और अनुशासन का संदेश



पथ प्रवाह, हरिद्वार। परेड के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में जवानों और प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ दौड़ लगाकर फिटनेस एवं अनुशासन का संदेश दिया। इस दौरान जनपद के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी और आरटीसी स्टाफ के सदस्य भी मौजूद रहे। एसएसपी ने परेड का निरीक्षण करने के बाद नए रिक्रूट और अन्य पुलिस जवानों के साथ दौड़ लगाई तथा कहा कि परेड पुलिस बल के अनुशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने सभी जवानों को शारीरिक रूप से फिट रहने और नियमित प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित किया। परेड के दौरान जवानों की फिटनेस और अनुशासन की भी जांच की गई। इसके बाद एसएसपी ने आरटीसी स्टाफ के साथ बैठक कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जवानों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने इंडोर और आउटडोर प्रशिक्षण को और प्रभावी बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश और सुझाव दिए। एसएसपी ने जवानों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए मौसम के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के भी निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जवान ही पूरी क्षमता और समर्पण के साथ प्रशिक्षण एवं फील्ड ड्यूटी का निर्वहन कर सकते हैं। एसएसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन परिसर की विभिन्न शाखाओं का भौतिक निरीक्षण किया और अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परेड में अनुशासन, फिटनेस और बेहतर प्रशिक्षण व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए एसएसपी ने पुलिस बल को हर परिस्थिति के लिए तैयार रहने का संदेश दिया।

### बदरेश्वर शक्ति केंद्र बैठक में एसआईआर प्रक्रिया और संगठन विस्तार पर मंथन



पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। भारतीय जनता पार्टी के अल्मोड़ा नगर मंडल अंतर्गत बदरेश्वर शक्ति केंद्र की बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर की तैयारियों और एसआईआर प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करते हुए कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष ललित लटवाल, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, शक्ति केंद्र प्रभारी दिनेश मठपाल तथा बीएलए-1 कैलाश गुरुरानी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। वक्ताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया। ललित लटवाल ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका मजबूत संगठन और समर्पित कार्यकर्ता हैं। वहीं नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट ने एसआईआर प्रक्रिया को संगठन को और अधिक व्यवस्थित एवं सशक्त बनाने का माध्यम बताया।

# पल्स पोलियो अभियान: 3.36 लाख बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



जनपद में 28 जून से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि 0 से 5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि 28 जून को जनपद के सभी बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जबकि 29 जून से 4 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। इस अभियान के तहत जनपद में लगभग 3 लाख 36 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक अभिभावक अपने बच्चों को बूथों तक लेकर आएं। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने तथा छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम प्रधानों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार कराने, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को मदरसों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा श्रम एवं खनन विभाग को श्रमिकों और खनन क्षेत्रों में कार्यरत मजदूरों के बच्चों तक अभियान की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और अन्य संबंधित कर्मियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जन-जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर देने को कहा। उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो अभियान बच्चों के स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी विभाग मिलकर इसकी सफलता सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.के. सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल वर्मा, सीएमएस रुड़की डॉ. ए.के. मिश्रा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. कोमल, जिला शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सैनी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी गंभीर तलियान, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी इप्सिता रावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी का जन्मदिन सादगी से मनाया, संघर्ष और विचारों को दोहराया

**पथ प्रवाह, हरिद्वार**



ऋषिकुल स्थित कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को महानगर कांग्रेस (अनुसूचित विभाग) और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन सादगीपूर्वक मनाया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके राजनीतिक संघर्ष और विचारधारा को याद किया।

महानगर अध्यक्ष (अनुसूचित विभाग) मनोज जाटव और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी ने कहा कि राहुल गांधी भारतीय राजनीति के संवेदनशील, जुझारू और जनप्रिय नेताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह दिन केवल जन्मदिन का उत्सव नहीं, बल्कि उनके संघर्ष, विचारों और देश के प्रति दृष्टिकोण को याद करने का अवसर भी है।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी और पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष रवीश भटीजा ने कहा कि राहुल गांधी ने राजनीति को सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का जरिया माना है। उन्होंने कहा कि नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान का संदेश उनकी राजनीति की पहचान बन चुका है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी ने देशभर के किसानों, युवाओं, मजदूरों और महिलाओं की समस्याओं को नजदीक से समझने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आज जब राजनीति सोशल मीडिया और बंद कमरों तक सीमित होती जा रही है, ऐसे समय में राहुल गांधी जनता के बीच जाकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय सैनी और पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा ने कहा कि राहुल गांधी की सबसे बड़ी ताकत उनकी निडरता और ईमानदारी है। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार, किसानों के अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा जैसे मुद्दों पर वह लगातार जनता की आवाज उठाते रहे हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर चंदन शर्मा, राजू चित्कारा, जवाहर चावला, कमल सैनी, जावेद आलम, राजबीर सैनी, मुकुल, दीपक गौतम, गुलशन शर्मा, शिवम वाल्मीकि, मनोज, पप्पू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का लिया संज्ञान, सीज की पांच कार

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में कारों पर सवार युवकों द्वारा हूटर बजाकर और खिड़कियों से बाहर निकलकर स्टंटबाजी व हुड़दंग मचाने का मामला सामने आने पर हरिद्वार पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने वीडियो में दिखाई दे रहे पांच चारपहिया वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज कर दिया है। जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के दौरान पुलिस की मीडिया सेल को एक वीडियो प्राप्त हुआ, जिसमें कुछ युवक यातायात नियमों की अनदेखी करते हुए सड़क पर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते और हुड़दंग करते नजर आए। वीडियो का संज्ञान लेते हुए मीडिया सेल ने मामले की जांच के लिए कोतवाली ज्वालापुर पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए।

जांच में पता चला कि यह वीडियो 18 जून का है और ज्वालापुर क्षेत्र के सराय रोड का है। युवक एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे, तभी उनकी हरकतों को किसी स्थानीय व्यक्ति ने कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। वीडियो के आधार पर पुलिस ने संबंधित युवकों और उनके वाहनों की पहचान कर उन्हें वाहनों सहित कोतवाली ज्वालापुर बुलाया। नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पांचों वाहनों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत सीज किया गया। साथ ही वाहन चालकों और अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी अमल में लाई गई। पुलिस ने युवकों और उनके अभिभावकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में यदि इस प्रकार की स्टंटबाजी, यातायात नियमों का उल्लंघन या सार्वजनिक सुरक्षा से खिलवाड़ करने की घटनाएं दोबारा सामने आती हैं तो उनके खिलाफ और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### हरिद्वार में फायर विभाग का सख्त अभियान: होटल-धर्मशालाओं का सुरक्षा ऑडिट, व्यवस्थाओं की जांच

पथ प्रवाह, हरिद्वार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देशानुसार जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए हरिद्वार क्षेत्र में होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशालाओं एवं अन्य जनसहभागिता वाले संस्थानों का विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 19 जून 2026 को फायर स्टेशन मायापुर में तैनात अग्निशमन कर्मियों द्वारा शहर के विभिन्न प्रमुख प्रतिष्ठानों का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर रोड स्थित सूरजमल धर्मशाला, श्री नरसिंह ट्रस्ट भवन, होटल श्रीनिवास (कुशा घाट) एवं होटल लक्ष्मी सहित अन्य संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तार से जांच की गई। इस दौरान आपातकालीन निकास मार्ग (इमरजेंसी एग्जिट), अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, प्राथमिक अग्निशमन यंत्रों की कार्यक्षमता एवं उनकी वैधता के साथ-साथ अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) का भी परीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम ने पाया कि कुछ स्थानों पर सुरक्षा उपकरणों के रख-रखाव में सुधार की आवश्यकता है। इस पर संबंधित प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी अग्निशमन उपकरणों को सदैव कार्यशील अवस्था में रखा जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों ने यह भी कहा कि जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण अभियान निरंतर जारी रहेंगे। यह अभियान शहर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से चलाया जा रहा है।

### नीट परीक्षा को लेकर उत्तरकाशी में हाई अलर्ट: पुलिस-प्रशासन ने कसी कमर, सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

पथ प्रवाह, उत्तरकाशी। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए उत्तरकाशी पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, श्रीमती कमलेश उपाध्याय द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ परीक्षा केंद्र पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय मनेरा का संयुक्त निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, परीक्षा कक्ष, बैठने की व्यवस्था (सीटिंग अरेंजमेंट) तथा आसपास के क्षेत्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधन को भी परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा सुरक्षा चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए निर्देशित किया गया। परीक्षा की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल, अभिसूचना इकाई तथा एसओजी को लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त होटल, ढाबों, धर्मशालाओं एवं होमस्टे की नियमित चेकिंग, संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन तथा परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर कड़ी नजर रखने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

अभ्यर्थियों की परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व सघन चेकिंग, फ्रिस्किंग एवं हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर (HHMD) सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों के माध्यम से जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश न कर सके।

पुलिस एवं प्रशासन की सभी इकाइयों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को पूर्णतः सुरक्षित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराने के लिए सतर्क दृष्टि बनाए रखने को कहा गया है।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सुश्री मुक्ता मिश्रा, एसडीएम भटवाड़ी सुश्री शालिनी नेगी, पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार, मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिनेश कुमार, निरीक्षक अभिसूचना विकास नौटियाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### यूरोप में गर्मी से बिछ रही लाशें, फ्रांस में एक साल में 5400 मौतें

पेरिस। दो नई स्टडीज ने चेतावनी दी है कि फ्रांस में लगातार बढ़ती हीटवेव्स लोगों के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा बनती जा रही हैं। इसमें सबसे ज्यादा खतरा उन लोगों को है, जो खराब और जर्जर मकानों या आर्थिक रूप से कमजोर इलाकों में रहते हैं। ये निष्कर्ष ऐसे समय में सामने आए हैं, जब यूरोप के कई हिस्से असामान्य रूप से जून की खतरनाक हीटवेव का सामना करने को तैयार हैं, और कुछ क्षेत्रों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार करने की संभावना है। ऑक्सफैम के एक विश्लेषण के मुताबिक, फ्रांस में हर साल अत्यधिक गर्मी से करीब 5,400 लोगों की मौतें होती हैं, जिसे अब एक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में देखा जाना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, हीटवेव्स के स्वास्थ्य पर असर सिर्फ डिहाइड्रेशन और हीटस्ट्रोक तक सीमित नहीं है, खासकर बुजुर्गों में।

ऑक्सफैम ने पाया कि अत्यधिक गर्मी के दौरान हार्ट अटैक से मरने का खतरा 7 प्रतिशत बढ़ जाता है, जबकि सबसे गर्म दिनों में महिलाओं की मृत्यु दर दोगुनी हो सकती है। इसके अलावा, एक हफ्ते से ज्यादा समय तक चलने वाली हीटवेव्स के दौरान एक्यूट किडनी फेल्योर का खतरा 70 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि जलवायु परिवर्तन मौजूदा सामाजिक असमानताओं को और बढ़ा रहा है, ऑक्सफैम का अनुमान है कि 2025 की गर्मियों में फ्रांस के सबसे गरीब इलाकों में अतिरिक्त मृत्यु दर सबसे अमीर इलाकों की तुलना में 31 प्रतिशत ज्यादा थी। शहरी इलाकों के सबसे अमीर 20 प्रतिशत निवासियों को गरीब इलाकों के लोगों की तुलना में अत्यधिक गर्मी के खतरे का सामना दस गुना कम करना पड़ता है।हाउसिंग फाउंडेशन की एक अलग स्टडी में भी ऐसे ही निष्कर्ष सामने आए हैं, जिसमें समर एनर्जी पावर्टी की बढ़ती चुनौती को उजागर किया गया है - यानी हीटवेव्स के दौरान घरों को ठंडा रखने में असमर्थता।

## अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के उपशामक चिकित्सा कार्य को ई-हॉस्पिस लंदन में मिली पहचान

पथ प्रवाह, अल्मोड़ा




सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग द्वारा संचालित दर्द एवं उपशामक चिकित्सा सेवाओं पर आधारित कार्य को विश्व की प्रतिष्ठित उपशामक चिकित्सा संस्था ई-हॉस्पिस, लंदन (यूके) में प्रकाशित किया गया है। इसे संस्थान, उत्तराखंड और विशेष रूप से कुमाऊं क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। ई-हॉस्पिस विश्व स्तर पर हॉस्पिस एवं उपशामक चिकित्सा के क्षेत्र का प्रमुख डिजिटल मंच है, जहां विभिन्न देशों में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और नवाचारों को स्थान दिया जाता है। प्रकाशित रिपोर्ट में पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों में दर्द एवं उपशामक चिकित्सा सेवाओं के विस्तार, समर्पित ओपीडी एवं वार्ड की स्थापना, गृह आधारित सेवाओं तथा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रमों का उल्लेख किया गया है। इस उपलब्धि पर संस्थान के प्राचार्य प्रो. सी.पी. भैसोड़ा ने एनेस्थीसियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. उर्मिला पलारिया, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आदित्य कुमार चौहान और पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर संस्थान के कार्य को स्थान मिलना शिक्षा, शोध और रोगी सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह उपलब्धि संस्थान के चिकित्सकों और संकाय सदस्यों को और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी तथा भविष्य में भी संस्थान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखेगा।

## वृद्ध जागेश्वर धाम के विकास को लेकर राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

पथ प्रवाह, अल्मोड़ा।



उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह के वृद्ध जागेश्वर मंदिर आगमन के दौरान मंदिर समिति ने धाम के विकास और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। समिति ने पार्किंग, पेयजल, धर्मशाला निर्माण और सौंदर्यीकरण समेत विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने की मांग की। राज्यपाल ने वृद्ध जागेश्वर मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए मंदिर क्षेत्र की समस्याओं और विकास संबंधी आवश्यकताओं से अवगत कराया। समिति की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि अल्मोड़ा से लगभग 40 किलोमीटर दूर स्थित वृद्ध जागेश्वर धाम धार्मिक, आध्यात्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। यहां देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधाओं के अभाव में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में मंदिर से लगभग 100 मीटर पहले पार्किंग स्थल के निर्माण, पांडगा से मंदिर तक करीब 300 मीटर लंबी पेयजल पाइपलाइन बिछाने, मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण, स्थानीय विकास कार्यों, धर्मशाला एवं जलमिलन केंद्र के निर्माण तथा पुरानी पेयजल लाइन के पुनर्निर्माण की मांग की गई है। समिति का कहना है कि इन कार्यों के पूरा होने से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, स्थानीय लोगों को लाभ होगा और क्षेत्रीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में हरीश भट्ट, नंदाबल्लभ भट्ट, उर्बादत्त भट्ट, केवलानंद भट्ट, भगवान भट्ट, चंद्र बल्लभ भट्ट, कैलाश भट्ट समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## नई टिहरी में धूमधाम से मनाया गया राहुल गांधी का जन्मदिन, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

पथ प्रवाह, नई टिहरी।




नई टिहरी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन पूरे उत्साह, जोश और धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने केक काटकर उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने राहुल गांधी के राजनीतिक संघर्षों और उनके विचारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश में लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और आम जनता के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्षरत हैं। उनकी सोच और विचारधारा युवाओं, किसानों, महिलाओं, मजदूरों और समाज के वंचित वर्गों को नई दिशा प्रदान कर रही है।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती, आपसी एकता और जनहित के मुद्दों को लेकर निरंतर संघर्ष करने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं के बीच विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने एक स्वर में राहुल गांधी के स्वस्थ एवं सफल जीवन की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, जिला अध्यक्ष मुरली लाल खडवाल, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मान सिंह रौतेला, जिला पंचायत सदस्य विजयपाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विजय गुनसोला एवं महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशा रावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

सभी वक्ताओं ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक आदर्शों को मजबूत करने में राहुल गांधी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और अंत में कार्यकर्ताओं ने जनसेवा और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

स्वामी/प्रकाशक वीरेन्द्र सिंह ने मुद्रक प्रमोद कुमार, जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः 40 शांतिपुरम कॉलोनी जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखंड 249408 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। वीरेन्द्र सिंह (सम्पादक) 9411111733, डॉ सुशील शर्मा(उप संपादक) 9837906777 किसी भी वाद विवाद का निपटारा हरिद्वार में होगा। वेबसाईट- www.pathpravah.com